भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: 90
03 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

'कोविड-49 टीकाकरण कार्यक्रम

***90. श्री सुब्रत पाठक:**
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कोविड-49 टीकाकरण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या त्यौहारों वाले गत माह के दौरान कम संख्या में डोज़ दी गई थी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने ऐसे लोगों, जिनका दूसरी डोज़ लेने का समय आ गया है, तक पहुंचने के लिए 'हर घर दस्तक' नामक एक विशेष कार्यक्रम आरंभ किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों से यह भी कहा है कि वृद्ध लोगों और ऐसे व्यक्तियों का टीकाकरण उनके घर ही किया जाए जिन्हें चलने-फिरने में समस्या है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की प्रतिक्रिया तथा पूर्ण टीकाकरण के लिए निर्धारित लक्ष्य एवं उसके उपरान्त प्राप्त किए गए लक्ष्य क्या हैं?

<u>उत्तर</u>
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ड.): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

3 दिसंबर, 2021 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.90 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ड.): 29 नवंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत देश में कुल 122.42 करोड़ टीके लगाए गए हैं, जिनमें से 78.37 करोड़ पहली खुराक (83.5% वयस्क आबादी को) तथा 44.05 करोड़ दूसरी खुराक (46.9% वयस्क आबादी को) लगाई गई हैं।

अक्टूबर, 2021 माह में, इससे पूर्व माह में लगाई गई 23.60 करोड़ खुराकों की तुलना में, कोविड-19 वैक्सीन की कुल 17.29 करोड़ खुराक लगाई गई थीं। त्यौहारों के दौर में प्रतिदिन टीकाकरण कवरेज में अस्थायी रूप से गिरावट हुई, हालांकि नवंबर, 2021 के प्रथम सप्ताह से टीकाकरण की गति में वृद्धि हुई है।

मई, 2021 में वृद्ध और भिन्न रूप से सक्षम नागरिकों के लिए घर के नज़दीक सीवीसी (एनएचसीवीसी) जैसे व्यवस्थित नागरिक अनुकूल कार्यकलाप भी शुरू किए गए थे। तत्पश्चात सितंबर, 2021 में ऐसे लोगों, जो शय्याग्रस्त हैं या चलने-फिरने में असमर्थ हैं अथवा विकलांग और/अथवा जिन्हें ऐसी कुछ विशेष आवश्यकताएं हैं जिनके कारण एनएचसीवीसी तक पहुंचना ही मुश्किल है, के लिए उनके आवास पर टीकाकरण किए जाने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को परामर्शिका जारी की गई थी।

भारत सरकार ने 03 नवंबर, 2021 से **'हर घर दस्तक अभियान'** शुरू किया है जिसमें पहली खुराक से छूट गए लाभार्थियों तथा जिनके दूसरी खुराक दी जानी है, ऐसे लाभार्थियों की पहचान की गई है और उन्हें घर-घर जाकर टीका लगाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लाभार्थियों को उनके घरों पर भी टीका लगाया जा सकता है।

दिसंबर, 2021 तक 18 वर्ष तथा इससे अधिक आयु के पहली खुराक और दूसरी खुराक के पात्र सभी लाभार्थियों को टीका लगाने के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को पर्याप्त खुराक उपलब्ध करा दी गई हैं।

****